

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### नौ साल बाद एक दिन में हुई रिकार्ड बारिश

**संवाददाता** देहरादून। नए साल की शुरुआत से ही मौसम ने करवट बदलनी शुरू की है। प्रदेश में जनवरी पहले सप्ताह बाद से झमाझम बारिश हो रही है। शनिवार सुबह से रविवार सुबह तक हुई बारिश ने नौ साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। जो 2013 के बाद जनवरी में अब तक एक दिन में हुई सर्वाधिक बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश में 24 घंटे के भीतर 48 मिलीमीटर, जबकि देहरादून में 55 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे पहले जनवरी 2013 में एक दिन में इससे अधिक बारिश रिकार्ड की गई थी। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बारिश और बर्फबारी जारी है।

### जिले की सीमा पर बढ़ी सख्ती, उल्लंघन पर चालान

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना संक्रमण नियंत्रण के लिए रायवाला पुलिस ने जिले की सीमा पर सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस मास्क और सामाजिक दूरी का उल्लंघन करने वाले यात्रियों और स्थानीय लोगों पर कार्रवाई कर रही है। वहीं नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक भी कर रही है। रायवाला थाना निरीक्षक भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर कोविड नियमों के अनुपालन को लेकर हाईवे, बाजारों और गली मोहल्लों में अभियान चलाया जा रहा है। चेक पोस्ट पर बाहरी राज्यों से आने वाले यात्रियों से भी मास्क पहनने और सामाजिक दूरी बनाने की अपील की जा रही है।

### आरटीओ में सोमवार को भी नहीं बना लर्निंग डीएल

**संवाददाता** देहरादून। दून के आरटीओ दफ्तर में कोरोना संक्रमण के मद्देनजर अगले चार दिन यानी गुरुवार तक लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का काम बंद रहेगा। इसके अलावा बाकी काम भी सीमित संख्या के साथ होंगे और बिना कार्य किसी को दफ्तर में प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए प्रवेश द्वार पर पुलिस तैनात रहेगी। सोमवार को भी लर्निंग लाइसेंस का टेस्ट फिलहाल बंद रखने को कहा गया।

### जलभराव से क्षेत्रवासियों में आक्रोश

**संवाददाता** विकासनगर। नगर पंचायत सेलाकुई के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाली हरिपुर रोड पर जलभराव की समस्या से हर कोई परेशान है। एक फार्मा कंपनी के समीप रोड पर दो सौ मीटर हिस्से में भरे गंदे पानी से होकर कंपनी के श्रमिक व ग्रामीण मुश्किल से गुजरते हैं। नगर पंचायत क्षेत्र होने के बावजूद यहां पर जलभराव व गंदगी आदि समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। जिस कारण क्षेत्रवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है। क्षेत्रवासियों के साथ–साथ कंपनी श्रमिकों व कर्मचारियों को भी गंदे पानी के बीच में से होकर गुजरना पड़ता है।

# 14 फरवरी को भाजपा की विदाई निश्चितः हरीश रावत

**आरोप**

■ हरीश रावत ने भाजपा पर लगाया आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप, नियुक्तियों पर उठाए सवाल

**संवाददाता**

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष हरीश रावत ने सरकार पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा बैकडेट पर तबादले और राजनीतिक नियुक्तियां की गईं। चुनाव आयोग से शिकायत की गई। उन्होंने आबकारी व तबादलों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता में ये बात कही।

प्रदेश कांग्रेस चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि कहा कि 14 फरवरी को राज्य से भाजपा की विदाई निश्चित है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच साल में राज्य का विकास ठप हो गया है। रविवार को राजपुर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की उपस्थिति में हरिद्वार के पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजेंद्र चौधरी व लक्सर से गन्ना विकास परिषद के चेयरमैन चौधरी राजेंद्र सिंह ने अपने 59 समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा। सभी को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

पार्टी की सदस्यता दिलवाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने वालों की संख्या से साफ जाहिर होता है कि भाजपा के कुशासन से समाज का हर तबका त्रस्त हो चुका है।

पिछली कांग्रेस सरकार के समय जिन जनहित की योजनाओं को शुरू किया गया था, भाजपा ने सत्ता में आते ही उन्हें बंद कर दिया। कांग्रेस को सत्ता सौंपकर राज्य में विकास के पहियों को चलाना चाहती है। इस अवसर पर चौधरी उदयवीर, चौधरी पुलकित, सचिन कुमार, विनोद चौधरी उपस्थित रहे।



**विकास का सपना दिखा भाजपा ने जनता को धोखा दियाः** युवा कांग्रेस के गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी अविनाश मणि ने आरोप लगाए कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने देवभूमि की जनता के साथ धोखा किया है। आज तक एक भी इंजन सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पाया। उन्होंने प्रेस बयान जारी कर आरोप लगाए कि धामी सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद मेडिकल पाठ्यक्रम में की गई फीस वृद्धि को वापस नहीं लिया। भाजपा सरकार को युवाओं के भविष्य से कोई सरोकार नहीं रहा। दूसरी तरफ देवभूमि का युवा जोकि पौड़ी गढ़वाल, देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश में पढ़कर केंद्रीय विवि की डिग्री प्राप्त करता था, आज सरकार ने उन युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। उच्च शिक्षा मंत्री ने गढ़वाल विवि से मान्यता प्राप्त कालेजों की संबद्धता केंद्रीय विवि से खत्म कर दी है।

### हेल्थ और फ्रंट लाइन वर्कर को पहले लगाई गई वैक्सीन

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना संक्रमण के बाद अब देश, विदेश में नए वैरिएंट के आने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। कोरोना वैक्सीन के बाद अब नए वैरिएंट से बचने के लिए बूस्टर डोज (प्रीकॉशन डोज) लगनी शुरू हो गई है। पूरे देश के साथ ही उत्तराखंड में भी इसकी शुरुआत 10 जनवरी से हो गई है। इसके लिए पहले 60 आयु वर्ग के ऊपर वाले लोगों का टीकाकरण हो रहा है। टीकाकरण केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां चाक–चौबंद हैं। बूथों पर 20 प्रतिशत वैक्सीन तीसरी डोज के लिए उपलब्ध है।

इसके लिए पहले हेल्थ वर्कर और फ्रंट लाइन में कार्य कर रहे लोगों का टीकाकरण हुआ। इस डोज को लगाने से पहले उनके पास कोरोना वैक्सीन के नौ महीने पूरे होना वाला सर्टिफिकेट का होना अनिवार्य है। बिना नौ महीने पूरे करने वालों को यह डोज नहीं लगाई जाएगी। यह डोज अभी 60 आयु वर्ग के ऊपर वाले लोगों को लगाई जा रही है।

# युवा शक्ति ही है जो सरकार को बना और हटा सकती हैः शिव वर्मा

**बैठक**

■ कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो अनेक जनहित व लोकहित के कार्यक्रम लागू करती है

**संवाददाता**




देहरादून। युवा कांग्रेस उत्तराखण्ड के नवनियुक्त प्रदेश मीडिया संयोजक शिवा वर्मा ने राजीव भवन (कांग्रेस भवन) पर एक प्रेस वार्ता में बोलते हुए कहा कि युवा इस देश की रीढ़ है और युवा शक्ति ही है जो की किसी भी सरकार को बना सकती है और हटा सकती। उन्होंने कहा की उत्तराखंड के युवा बेरोजगार साथियों का जो कि रोजगार पाने के लिए सतत प्रयास करते रहे और विगत सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध नही कराया और ना ही सही दिशा प्रदान की। प्रदेश में बेरोजगार युवकों का पंजीकरण लगभग सात से आठ लाख के करीब आज भी मौजूद बताया जाता है जो की रोजगार पाने की आस लगाए बैठे रहे।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो अनेक जनहित व लोकहित के कार्यक्रम लागू करती है। चाहे बेरोजगारों को रोजगार देने का मुद्दा हो ,नवीन उद्योग स्थापित करने की बात हो ,आपसी भाईचारा ,सद्भावना बनाए रखने की बात हो ,महिला सशक्तिकरण की बात हो ,निर्बल ,दबे कुचले लोगों को उठाने की बात हो कांग्रेस अपना महत्वपूर्ण योगदान करती है।

शिवा वर्मा ने युवाओं से आव्हान किया कि कांग्रेस सरकार को जिताने के लिए वह अपने मत का इस्तेमाल करे और मतदान में जरूर हिस्सेदार बने। युवा कांग्रेस पूरे प्रदेश में पूरे दम खम के साथ कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताने का काम करेगी। वहीं भू कानून का ज्वलंत मुद्दा आज भी विद्यमान है। राज्य आंदोलनकारियों से लेकर विभिन्न संस्थाएं इस मुद्दे को जोर–शोर से उठा चुकी है। वर्मा ने सभी से कोरोना नियमो का पालन करने की भी पुरजोर अपील की और कहा कि नियमो का पालन कर खुद भी बचे और औरों को भी बचाएं।

इस अवसर पर रोबिन त्यागी प्रदेश महासचिव युकां,गौरव सेठ अधिवक्ता ,मीसम अली अधिवक्ता,आयुष रतूड़ी अधिवक्ता, गौतम सोनकर महानगर अध्यक्ष युकां, विनीत प्रसाद भट्ट प्रदेश महासचिव यु०कां,विराट सागर ,शंकर शर्मा अधिवक्ता उपस्थित थे।

### महीनों से धूल फांक रही पत्रावलियों पर कैसे लगे पंख!

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र प्रेषित कर राज्य सरकार द्वारा आचार संहिता लगने के बाद (कैबिनेट के फैसलों को छोड़कर)बैक डेट में दो–तीन दिन पहले लिए गए तमाम फैसलों/आदेशों का परीक्षण एवं महीनों से धूल फांक रही फाइलों पर आचार संहिता लगते ही एकाएक कार्यवाही के मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। नेगी ने कहा कि सरकार द्वारा आचार संहिता को तार–तार कर बैक डेट में जिस तरह से तबादले, नियुक्तियां आदि किए गए हैं अथवा किए जा रहे हैं, निश्चित तौर पर स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक है। नेगी ने कहा कि वर्ष 2011–12 में निशंक सरकार के अपदस्थ होते ही खंडूरी सरकार ने निशंक सरकार की अपदस्थता के एक सप्ताह पहले तक के तमाम फैसलों का पुनरीक्षण कराकर दोबारा अनुमोदन के तहत ही उन तमाम फैसलों को स्वीकृति प्रदान की थी।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।